भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1855

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

भूमिगत सुरंग मार्ग

1855.श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली के महिपालपुर में शिव मूर्ति और वसंत कुंज के बीच पाँच किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग मार्ग के निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ होने की संभावना है;

(ख) उक्त उद्देश्य के लिए कुल कितनी राशि व्यय होने की संभावना है;

(ग) उक्त सुरंग मार्ग का निर्माण कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(घ) उक्त सुरंग के निर्माण के बाद दिल्ली में यात्रियों को यातायात अवरोध से कितनी राहत मिलने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) दिल्ली विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग-48 का धौला कुआं- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डा-गुरुग्राम खंड की भीड़-भाड़ को कम करने के लिए, दिल्ली में शिव मूर्ति-(महिपालपुर) को नेल्सन मंडेला मार्ग से जोड़ने वाली सुरंग के निर्माण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को तैयार कर लिया गया है।

परियोजना के निवेश और कार्यान्वयन के संबंध में निर्णय डीपीआर के परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, यातायात घनत्व और प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है।

******